# अभ्यास प्रश्न पत्र-1

**Theory**

**Class: XII Geography (029)**

**Time: 3 Hrs** | **Session 2020-21** | **Max Marks =70**

**सामान्य निर्देश:-**

1. यह प्रश्न पत्र तीन खंडों में विभाजित है।खंड क, ख और ग।
2. इस प्रश्न पत्र कुल **29** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. खंड क के अन्तर्गत प्रश्न संख्या **1** से **15** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । इस खंड से केवल कोई **14** प्रश्न करने हैं। उत्तर पुस्तिका में केवल सही उत्तर लिखना है।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या **16** और **17** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। ये स्रोत और ग्राफ आधारित प्रश्न हैं ।प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रश्न लघु व बहुविकल्पीय हैं। प्रत्येक प्रश्न के नीचे 4 उप-प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 18- 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं।प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **80**-100 शब्दों में लिखिए।
6. खंड ग में प्रश्न संख्या **23** से **27** तक **5** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **150** शब्दों में लिखिए ।
7. प्रश्न संख्या **28** और **29** मानचित्र से सम्बंधित है। जो क्रमशः भौगोलिक विशेषताओं की पहचान करने और स्थान निर्धारण करके नाम लिखने से सम्बंधित है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
8. दिए गए मानचित्रों को भरकर उत्तर पुस्तिका में नत्थी कीजिये।
9. रूपरेखा मानचित्र को खींचने के लिए टेम्पलेट या स्टेंसिल के प्रयोग की अनुमति है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **(खंड क )**<br><br>निम्न में से कौन 'रुको और जाओ' निश्चयवाद का मुख्य चिंतन विषय ( विचार ) है ?<br>a. अभाव की अवस्था से स्वतंत्रता की अवस्था की ओर अग्रसर होना।<br>b. मनुष्य का प्रकृति के आदेशों के अनुसार अनुकूलन।<br>c. संभावनाएं एक सीमा के भीतर उत्पन्न की जा सकती हैं तथा अंधाधुंध रफ़्तार दुर्घटनाओं से मुक्त नहीं होती।<br>d. पृथ्वी मनुष्य का घर है | 1 |
| 2. | निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें-<br>I. सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के दौरान जनसंख्या तेजी से बढ़ी।<br>II. सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी के दौरान विश्व व्यापार का विस्तार इसका एक महत्वपूर्ण कारण है।<br><br>a. केवल I सही है<br>b. केवल II सही है।<br>c. दोनों कथन गलत हैं।<br>d. दोनों कथन सही हैं एवं कथन II कथन I की सही व्याख्या करता है । | 1 |
| 3. | निम्नलिखित महाद्वीपों में से किस महाद्वीप पर सामान्यतः निम्न लिंग अनुपात दर्ज किया गया है ?<br>a. यूरोप b. उत्तरी अमेरिका<br>c. ऑस्ट्रेलिया d. एशिया | 1 |
| 4. | निम्नलिखित सेवाओं में से कौन सी पंचम सेवाओं का उदाहरण है ?<br>a. अनुसंधान और विकास शामिल लोग<br>b. उच्चतम स्तर के निर्णय निर्माता तथा नीति निर्माता<br>c. पर्यटन और संबद्ध उद्योगों में शामिल लोग<br>d. सूचनाओं का उत्पादन तथा संग्रह | 1 |

<table>
<tr><td>5.</td><td>कुल पंजीकृत रोजगारों तथा कुल राजस्व की दृष्टि से -------------विश्व का अकेला सबसे बड़ा तृतीयक क्रियाकलाप बन गया है।<br>a. व्यापार और वाणिज्य     b. पर्यटन<br>c. संचार     d. परिवहन</td><td>1</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>कॉलम। का कॉलम॥ से मिलान करके सही जोड़े बनाइए और दिए गए कोड की मदद से सही उत्तर का चुनाव कीजिये I<br>कॉलम।     कॉलम॥<br>i. उत्तरी अमेरिका     1. आदिकालीन निर्वाह कृषि<br>ii. मंगोलिया     2. चलवासी पशुचारण<br>iii. न्यूजीलैंड     3. वाणिज्यिक डेयरी कृषि<br>iv दक्षिणी-पूर्वी एशिया     4. कारखाना कृषि<br>कोड-<br>    I   II   III   IV<br>a.   4   2   3   1<br>b.   2   1   4   3<br>c.   3   4   1   2<br>d.   3   2   4   1</td><td>1</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>निम्नलिखित जोड़ों में से कौन सा सही ढंग से मेल नहीं खाता है ?<br>शहर     कार्य<br>a . शेफील्ड - औद्योगिक नगर<br>a. लंदन - पत्तन नगर<br>b. बीजिंग - प्रशासनिक नगर<br>c. चेन्नई - मत्स्य नगर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>8 .</td><td>हमारे समाज में विकास के अवसरों के वितरण की दृष्टि से निम्नलिखित सभी समूह हाशिये पर हैं। इनमें से कौन सा समूह सबसे अधिक पीड़ित है ?<br>a. महिलाओं की आबादी     b. अनुसूचित जनजाति<br>c . भूमिहीन कृषि श्रमिक     d. गरीब किसान</td><td>1</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>राज्यों के निम्नलिखित समूहों में से कौन सा समूह भूजल के सबसे बड़े भाग का उपयोग करता है?<br>a. गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, त्रिपुरा<br>b. पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु<br>c. छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, बिहार<br>d. उत्तर प्रदेश, हरियाणा, त्रिपुरा, महाराष्ट्र</td><td>1</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>भारत के सबसे महत्वपूर्ण गोंडवाना कोयला क्षेत्र ---------------------में स्थित हैं।<br>a. कावेरी घाटी     b नर्मदा घाटी<br>c. महानदी घाटी     d. दामोदर घाटी</td><td>1</td></tr>
<tr><td>11</td><td>भारत में लौह अयस्क की उपलब्धता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य सत्य नहीं है ?<br>a. एशिया में भारत के पास लौह अयस्क के विशालतम भंडार हैं।<br>b. लौह अयस्क के अधिकांश भंडार पश्चिम बंगाल में पाए जाते हैं।<br>c. इसकी बेहतर गुणवत्ता के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी काफी मांग है।<br>d. लौह अयस्क की खदानें देश के उत्तर-पूर्वी पठारी क्षेत्र में कोयला क्षेत्रों के निकट होने के कारण लाभपूर्ण हैं</td><td>1</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 12 | निम्नलिखित में से कौन से शहर धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में विकसित हुए हैं?<br><br>a.दिल्ली और हैदराबाद b. चेन्नई और कोलकाता<br><br>c. पाटलिपुत्र (पटना) और मदुरै d. पुदुचेरी और गोवा | 1 |
| 13. | निम्नलिखित में से कौन सी बीमारियां वायु प्रदूषण से सम्बंधित नहीं हैं?<br>a. हेपेटाइटिस b. श्वसन रोग<br>b. तंत्रिका तंत्र d रक्त संचार तंत्र | 1 |
| 14. | निम्नलिखित पैराग्राफ पढ़ें और विचार करें तथा तदनुसार दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें<br>"सुब्बुलक्ष्मी तमिलनाडु के तट से मछुआरे समुदाय से संबंधित है। खतरनाक सुनामी ने उसके दो बच्चों को छोड़कर परिवार के सभी सदस्यों को बहा दिया है । जब से वह चेन्नई की एक झुग्गी बस्ती में रहती है और अपने बच्चों को पाल -पोस रही है । वह चेन्नई में घरेलू नौकर के तौर पर काम करती है और उसके बच्चे स्कूल जाते हैं। अभी भी उसे उसकी जगह याद आती है, लेकिन वह अब वापस नहीं जाएगी । वह अभी भी सुनामी की विशाल लहरों से डरती है । अब उसे अपने बच्चों की रक्षा करनी है ।<br>सुब्बुलक्ष्मी को उसके गांव से चेन्नई प्रवास के लिए निम्नलिखित कारणों में से कौन सा जिम्मेदार है?<br><br>a. प्राकृतिक आपदा का डर<br>b. गांव में रोजगार के अवसरों की कमी<br>c. बच्चों की परवरिश और शिक्षा की समस्या<br>d. खराब स्वास्थ्य । | 1 |
| 15. | 0-6 वर्ष की आयु वर्ग में बाल लिंगानुपात के मामले में निम्नलिखित में से कौन सा राज्य चिंताजनक स्थिति पैदा कर रहा है?<br><br>a. पंजाब और राजस्थान<br>b. ओडिशा और छत्तीसगढ़<br>c. हरियाणा और दिल्ली<br>d. पंजाब और उत्तर प्रदेश | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | **SECTION-B**<br><br>ट्रॉन्डहाईम शहर में सर्दियों का अर्थ है-प्रचंड पवनें और भारी हिम। महीनों तक आकाश अदीप्त रहता है। कैरी प्रातः आठ बजे अंधेरे में कार से काम पर जाती है। सर्दियों के लिए उसके पास विशेष टायर है और वह अपनी शक्तिशाली कार की लाइटें जलाए रखती है। उसका कार्यालय कृत्रिम रूप से एक आरामदायक 23 डिग्री सेल्सियस पर गर्म रहता है। विश्वविद्यालय का परिसर जिसमें वो काम करती है, कांच के एक विशाल गुम्बद के नीचे बना हुआ है। यह गुम्बद सर्दियों में हिम को बाहर रखता है और गर्मियों में धूप को अंदर आने देता है। तापमान को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया जाता है और वहाँ पर्याप्त प्रकाश होता है। यद्यपि ऐसे रुक्ष मौसम में नयी सब्जियाँ और पौधे नहीं उगते। कैरी अपने डेस्क पर आर्किड रखती है और उष्णकटिबंधीय फलों जैसे –केला व कीवी का आनंद लेती है। ये नियमित रूप से वायुयान द्वारा उष्ण क्षेत्रों से मंगाए जाते हैं।माउस की एक क्लिक के साथ कैरी नयी दिल्ली में अपने सहकर्मियों से कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़ जाती है। वह प्रायः लन्दन के लिए सुबह की उड़ान लेती है और शाम को अपना मनपसंद टेलीविज़न सीरियल देखने के लिए सही समय पर वापस पहुँच जाती है। यद्यपि कैरी 58 वर्षीय है फिर भी वह विश्व के अन्य भागों के अनेक 30 वर्षीय लोगों से अधिक स्वस्थ और युवा दिखती है।<br>**<u>किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये</u>**<br>1. उपरोक्त दिए गए स्रोत से निम्नलिखित में से किस अवधारणा का आभास हो रहा है ?<br>a. मानव का प्राकृतिकरण b. प्रकृति का मानवीकरण<br>c. नव निश्चयवाद d. स्थानिक संगठन | 3<br><br>1+1+1 |

2. ट्रॉन्डहाईम में सर्दियों में उष्णकटिबंधीय फलों और अन्य सुविधाओं की पहुंच के लिए निम्नलिखित कारक में से कौन सा सबसे महत्वपूर्ण है, हालांकि यह बहुत ठंडा है और आसमान में महीनों तक अंधेरा रहता है?

a. उन्नत प्रौद्योगिकीय विकास

b. उन्नत कृषि

c. इन फलों की प्राप्ति के लिए कैरी की इच्छा शक्ति

d. वहां की सरकार के प्रयास

3. विश्वविद्यालय के परिसर में जहां कैरी काम करती है, एक विशाल कांच के गुंबद के नीचे बनाया गया है क्योंकि-

a. यह उनकी ठंडी हवाओं से रक्षा करता है

b. यह विश्वविद्यालय के तापमान को नियंत्रित करता है

c. यह सर्दियों में बर्फ को बाहर रखता है और गर्मियों में धूप को अंदर आने देता है

d. उपरोक्त सभी

4. . उपरोक्त दिए गए स्रोत द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थिति का भली भांति वर्णन किया गया है?


a. ट्रॉन्डहाईम की जमा देने वाली ठण्ड

b. तापमान को नियंत्रित करने के लिए कांच के विशाल ग्लास गुंबदों का ट्रॉन्डहाईम के लिए महत्व

c. प्रकृति के सामने मानव की सीमाएं

d. कठिन वातावरण के साथ मानव का अपने प्रयासों द्वारा अनुकूलन

17. 3 1+1+1




**1.** इंदिरा गांधी नहर का स्रोत स्थल कहां पर स्थित है ?

a. राजस्थान में राणा प्रताप सागर बांध

b. पंजाब में हरिके बैराज

c. उत्तर प्रदेश के नरौरा बांध में

d. राजस्थान में कोटा बैराज में

2. चरण 1 के प्रत्येक नीचे बहाव तथा नीचे उत्थापक नहर तंत्र के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए।
   a. गंगानगर और बीकानेर
   b. जैसलमेर और बाड़मेर
   c. गंगानगर और जैसलमेर
   d. जैसलमेर और हनुमानगढ़
3. इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सिंचाई के प्रसार के कारण निम्नलिखित सकारात्मक प्रभावों में से कौन सा देखा जाता है?
   a. जलभराव और फसलों की गहनता
   b. मिट्टी लवणता और जल भराव
   c. खेती के क्षेत्र और पशुधन उत्पादकता में वृद्धि
   d. जलभराव और पशुधन उत्पादकता में वृद्धि
4. इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र के चरण-1 में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा सुझाव दिया गया है?
   a. फसलों की व्यापक सिंचाई
   b. चरागाह विकास
   c. सुरक्षात्मक सिंचाई
   d. शेल्टर बेल्ट तथा वृक्षारोपण

**SECTION - C**


18 " प्रकृति का ज्ञान प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है "। कोई तीन उचित उदाहरण देकर कथन का आशय स्पष्ट कीजिये।

अथवा

" न तो यहाँ नितांत आवश्यकता की स्थिति है और न ही नितांत स्वतंत्रता की की दशा है "। कोई तीन उचित उदाहरण देकर कथन का आशय स्पष्ट कीजिये।

19 पश्चिमी देशों और एशियाई देशों में लिंगानुपात में ग्रामीण और नगरीय भिन्नताओं की तुलना उपयुक्त उदाहरण देकर कीजिये।

20 नीचे दिखाई गई ग्रामीण बस्ती की पहचान कीजिये तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।



a. मानव बस्ती का क्या अर्थ है ?
b. दर्शायी गयी ग्रामीण बस्ती का प्रतिरूप बताइए।
c. इस प्रकार की ग्रामीण बस्तियों के विकास के लिए आदर्श स्थान कौन से हैं ?

21 भारत के कृषि विकास में सिंचाई की भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

हमारे बहुमूल्य जल संसाधनों के संरक्षण के लिए किन्हीं तीन सुझावों की भूमिका का वर्णन कीजिये ।

22 "भारत में जनसँख्या का असमान वितरण , जनसँख्या तथा भौतिक एवं सामाजिक-आर्थिक कारकों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध को प्रकट करता है "। किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा कथन की पुष्टि कीजिये।

23 प्रवास के किन्हीं पाँच पर्यवारणीय परिणामों की व्याख्या कीजिये।

24 किन्हीं पांच बिन्दुओं के आधार पर गुन्छित तथा अर्ध गुन्छित बस्तियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये।

25 मिश्रित कृषि किस प्रकार डेरी कृषि से भिन्न है ? कोई पांच अंतर देकर स्पष्ट कीजिये।

अथवा

कोई पांच अंतर बता कर चलवासी पशुचारण तथा वाणिज्य पशुधन पालन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये।

26 'मानव विकास'की अवधारणा को परिभाषित कीजिये। मानव विकास के सम्बन्ध में 'समता' तथा 'सतत पोषणीयता' की भूमिका का विश्लेषण कीजिये।

27 जनसँख्या घनत्व को परिभाषित कीजिये। किसी क्षेत्र के जनसँख्या वितरण को भौगोलिक कारक किस प्रकार प्रभावित करते हैं, स्पष्ट कीजिये।

**MAP BASED QUESTIONS**

28 भारत के दिए गये रेखा राजनैतिक मानचित्र में किन्ही पांच को उचित चिन्हों से दर्शाइए और उनके सम्मुख नाम लिखिए।

1. निम्न जनसंख्या घनत्व वाला राज्य।
2. मध्य प्रदेश में बॉक्साइट खदान ।
3. कर्नाटक की एक मेगा सिटी
4. उच्चतम नगरीकरण वाला एक राज्य
5. ओडिशा में लौह अयस्क खदान
6. गुजरात में तेल रिफाइनरी
7. तमिलनाडु में लिग्नाइट क्षेत्र

3

प्रश्न-29 संसार के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में पांच भौगोलिक लक्षणों को A,B,C,D,E से दर्शाया गया है। इनकी पहचान निम्न लिखित जानकारी की मदद से कीजिए और उनके सही नाम उनके सामने खीची गई रेखाओं पर लिखिए।

A - अफ्रीका में एक चलवासी पशुचारण

B. एक सबसे बड़ा देश


C.-यूरोप के क्षेत्र में वाणिज्यिक अनाज कृषि

D. एक डेयरी कृषि क्षेत्र

E . उत्तरी अमेरिका में स्थित एक निर्वाह संग्रहण क्षेत्र

3

1+2=3




| | | |
|---|---|---|
| | | 3 |
| | | 3 |
| . | | 5 |
| . | | 5 |
| | | 5 |
| | | 1+4 =5 |
| | | 1+4 =5 |
| | | 1x5 |

| | | |
|---|---|---|
| |  | 1x5 |